आयुक्त कार्यालय, पटना प्रमंडल, पटना।

भाड़े पर वाहन लेने हेतु निविदा आमंत्रण सूचना।

आयुक्त कार्यालय, पटना प्रमंडल, पटना को संघ लोक सेवा आयोग, नई दिल्ली द्वारा समय–समय पर आयोजित होनेवाली परीक्षाओं के सुचारू एवं सफल संचालन हेतु मांग के अनुरूप आयोग द्वारा प्रतिनियुक्त निरीक्षण पदाधिकारी के लिए छोटे वाहन यथा :– Swift Dzire /Tata Indigo, Zest/Honda Amaze/Baleno/ तथा परीक्षा के दिन संवेदनशील परीक्षा सामग्री को परीक्षा उपकेन्द्रों पर पहुँचाने हेतु बड़े वाहन यथा :– Sumo Victa/ Bolero/ Scorpio/ Tata Safari Storme/ तथा आयोग द्वारा प्रतिनियुक्त प्रेक्षक के लिए वाहन यथा :– Toyota Innova/ Toyota Innova Crysta आदि वातानुकूलित/गैर वातानुकूलित वाहन (जो पॉच वर्ष से अधिक पुरानी नहीं होनी चाहिए) की आवश्यकता है। इच्छुक एजेंसी/वाहन मालिकों कम्प्युटर टंकित आवेदन जो आयुक्त, पटना प्रमंडल, पटना को संबोधित हो, के साथ मुहर बन्द निविदा (एक बड़े लिफाफे में तकनीकी एवं वित्तीय अलग–अलग बंद लिफाफे में होना चाहिए) आमंत्रित किए जाते हैं। वित्तीय निविदा विहित प्रपत्र में ही समर्पित करना आवश्यक है। मुहर बंद निविदा जमा करने की अंतिम तिथि दिनांक–17-08-2023 को अपराह्न 3:00 बजे तक है। निविदा दिनांक–18.08.2023 को अपराह्न 3:00 बजे आयुक्त कार्यालय, पटना प्रमंडल, पटना के सभाकक्ष में खोली जाएगी। तकनीकी निविदा में सफल निविदा दाताओं का ही वित्तीय निविदा खोली जाएगी।

नोट :– निविदा के संबंध में विस्तृत शर्त्ते पटना प्रमंडल, पटना के बेवसाईट www.patnadivision.bih.nic.in पर देखा जा सकता है अथवा आयुक्त कार्यालय, पटना प्रमंडल, पटना के (गोपनीय शाखा) कार्यालय अवधि में प्राप्त किया जा सकता है।

(हस्ताक्षर) 26/7/23